## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक में सीधी टक्कर, युवक की मौत



**सतना।** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली आमने-सामने से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई,जबकि एक अन्य घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना बड़खुरा मोड़ के पास रात करीब 10 बजे की है। हादसे में बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहले सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में खिरिया निवासी अनुभव पांडेय की मौत हो गई। दूसरे घायल दिलीप बुनकर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अमरपाटन थाना प्रभारी के पी त्रिपाठी के अनुसार,दोनों युवक रामपुर बघेलान के खिरिया गांव के रहने वाले थे। हादसे के समय दोनों युवक अपने गांव जा रहे थे। सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। मृतक अनुभव पांडेय के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया है।

### जर्जर भवन की दीवार गिरने से छात्र की मौत



**सतना।** जर्जर स्कूल भवन की दीवार गिरने से एक दिव्यांग छात्र की मौत हुई। 90 दिन बाद प्रशासन ने भवन को गिरा दिया है। घटना अबेर संकुल केंद्र के शासकीय प्राथमिक शाला इटौर रजरवार पर हुई। रामपुर बाघेलान जनपद के सदस्य विनोद तिवारी लगातार इस जर्जर भवन को गिराने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की थी। 23 जनवरी को दोपहर करीब 3 बजे दो छात्र दिव्यांग अतुल सिंह 13 वर्ष और कृष्ण दहिया स्कूल परिसर में हैंडपंप से पानी भर रहे थे। इसी दौरान स्कूल का पुराना भवन अचानक गिर पड़ा।इस हादसे में अतुल सिंह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कृष्ण दहिया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद जनपद सदस्य विनोद तिवारी ने तहसील से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों को पत्र लिखकर जर्जर भवन के खतरे से अवगत कराया। अंततः एसडीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम अबेर पहुंचकर भवन को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।

यहां समस्याओं का है अंबार लेकिन बुद्धिजीवी, उद्योगपति और व्यापारी खुलकर बोलने को नहीं है तैयार...

# शीर्ष नेताओं में गुटबाजी! कितना सार्थक होगा प्रभारी मंत्री का सतना दौरा?

**सतना।** जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गी गुरुवार को सतना आ रहे हैं। वैसे यह कोई महत्वपूर्ण खबर नहीं है इसके पहले भी प्रभारी मंत्री सतना आ चुके हैं। उनके आने और जाने के बाद जिले की समस्याओं खास तौर पर स्मार्ट सिटी की तस्वीर कितनी बदली है और कितनी नहीं यह सवाल आज भी शिद्दत के साथ पूछा जा रहा है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि शीर्ष नेताओं के बीच जबरदस्त तरीके से गुटबाजी चल रही है,ऐसी स्थिति में जिले की आम जनता खास तौर पर स्मार्ट सिटी के नागरिकों को कितना कुछ राहत प्रभारी मंत्री दिला पाएंगे इसे लेकर लोग आज भी आस लगाए बैठे हुए हैं। बुद्धिजीवी और उद्योगपति जिले में बुद्धिजीवियों और उद्योगपतियों से बैठक करना और उनसे सुझाव लेना भी कोई नई बात नहीं होगी। बहरहाल जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गी की अपनी एक अलग छवि है लेकिन वह सतना की तस्वीर को बदलने में कितना सामर्थ दिखा पाएंगे? यह भी एक बड़ा सवाल है। काबिले गौर बात यह है कि सतना जिला वैसे तो व्यापारिक जिला है यहां पर छोटे-बड़े और मझोले उद्योग भी हैं। लेकिन सांसद,महापौर और विधायक के कर्तव्य के आगे वह भी नतमस्तक है। जिले में जिस तरह की स्थिति है वह किसी से छुपी नहीं है। ऐसी स्थिति में सरकार और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों और



जनप्रतिनिधियों को किसी से सुझाव लेने की आवश्यकता शायद इसलिए नहीं है क्योंकि पूरा शहर त्राहि त्राहि कर रहा है।

सड़क,शिक्षा,चिकित्सा और गुटबाजी शहर में सड़क मार्ग हो या हवाई अड्डा के रनवे की बात हो लंबे समय से इसे लेकर बहस चल रही है। एक ओर स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट खास तौर पर सीवर लाइन की वजह से शहर के सभी प्रमुख मार्गो की हालत खराब है चलने लायक नहीं है धूल उड़ रही है वहीं दूसरी ओर हवाई अड्डा का रनवे 1600 से घटकर1200 कर दिए जाने से बार-बार सवाल पूछा जा रहा है लेकिन जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन हाथ में हाथ रखकर बैठे हुए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सतना के लिए एक स्वर्णिम समय यह था कि यहां पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद भारतीय जनता पार्टी के महापौर और भारतीय जनता पार्टी के विधायक भी एक साथ सत्ता में रहे हैं,इसके बाद भी शहर के लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं।

### विकास का कागजी ताना-बाना

प्रभारी मंत्री के सतना आगमन के पहले जिले के सभी प्रमुख विभागों के आला अधिकारी कागजी ताना-बाना बनाने में 3 दिन से लगे रहे। प्रभारी मंत्री के सामने विकास का किस तरह का खाता पेश किया जाएगा यह तो बैठक के समय ही पता चलेगा लेकिन आंकड़ों की बाजीगरी और कागजी ताना-बाना के कारण आज सतना की स्थिति उन विकासशील शहरों की दौड़ में नहीं नजर आ रही है जैसे कि कभी रीवा हुआ करता था। आज पड़ोसी जिलों की तुलना में सतना की विकास की रफ्तार और कागजी ताना-बाना और कागजी घोड़े में उलझ कर रह गई है।

## सरकारी अस्पताल में दलालों का कारनामा... मरीज को ले गए निजी अस्पताल

**60 हजार की जगह एक लाख का बिल थमाया, परिजनों ने कलेक्टर से की शिकायत**




**सतना।** एक युवक का एक्सीडेंट हो गया जिसकी वजह से उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। मरीज का पैर फ्रैक्चर होने पर परिजन उसे सरदार बल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इसी दौरान वहां मौजूद दलालों ने मरीज को भरहुत नगर स्थित सिटी हॉस्पिटल शाकुंतलम में भर्ती करा दिया।इसी परेशानी को लेकर परिवार ने बुधवार को कलेक्टर से शिकायत की।अस्पताल ने 60 हजार रुपए में पूरे इलाज का दावा किया। इसमें से 40 हजार रुपए पहले और 5 हजार रुपए पैथोलॉजी चार्ज के नाम पर वसूल लिए।बता दें कि मैहर के कर्रा गांव निवासी महेन्द्र कोरी का 16 अप्रैल को नागौद के पास एक्सीडेंट हो गया था।

### परेशान परिवार ने कलेक्टर से की शिकायत

डिस्चार्ज के समय अस्पताल ने एक लाख रुपए का कच्चा बिल थमा दिया और 60 हजार रुपए और जमा करने को कहा। परेशान परिवार ने कलेक्टर से शिकायत कर दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

### दलालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी



जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने का ये पहला मामला नहीं है।आरोप है कि आशा कार्यकर्ता और एंबुलेंस चालक भी इस तरह के काम में शामिल रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दलालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## मैहर नगर में नहीं खोले गए प्याऊ, भटकते हैं यात्रीगण

**मगर उनकी प्यास भी नहीं बुझा पा रही है नगर पालिका**

### जनता दे रही लाखों रुपए राजस्व

मैहर। मैहर नगर पालिका परिषद के द्वारा प्रति वर्ष गर्मी के दिनों में नगर के कई स्थानों में प्याऊ खुलवा दिया जाता था,मगर इस वर्ष पता नहीं क्या हुआ कि बाहर से आने वाली जनता को प्याऊ के माध्यम से प्यास बुझाने में असमर्थ है। मैहर में ट्रेन,बसों एवं प्राइवेट वाहनों से हजारों की संख्या में दर्शनार्थी आते हैं।

ट्रेन से आने वाले दर्शनार्थी जब रेलवे स्टेशन के बाहर निकलते हैं तो इस गर्मी में पेयजल की तलाश में इधर उधर भटकते हैं मगर कहीं भी पेयजल का माध्यम या फिर प्याऊ नजर नहीं आता है तो दुकानों में जाता है तो दुकानदार पानी देने से मना कर देते हैं मजबूरन जो संपन्न होते हैं पानी की बोतल खरीद कर प्यास बुझा लेते हैं मगर गरीब जो अपने परिवार के साथ होता है 20 रुपए लीटर की पानी का बोतल नहीं खरीद पाता है क्यों कि अगर 5 लोग हैं तो 5 बोतल यानी की 100 रुपए का पानी एक बार पिएंगे तो दिन भर में हजारों रुपयो का पानी ही पी जाएंगे। इस तरह प्यासे ही मंदिर की ओर चले जाते हैं कि शायद रास्ते में कहीं प्याऊ नजर आ जाए।

### पुराना राज्य परिवहन बस स्टैण्ड

इसी तरह कटनी एवं अमरपाटन की तरफ से आने वाली बसों के यात्रियों का बुरा हाल होता है जैसे ही बसें स्टैण्ड में रुकती हैं लोग पानी की तलाश में इधर उधर देखते हैं मगर पेयजल कहीं भी उपलब्ध नहीं होता सिर्फ दुकानों में रखी पानी की बोतले ही नजर आती है। यात्री जब होटलों में पीने के लिए पानी मांगते हैं तो दुकानदार साफ मना कर देता है और कहता है कि कुछ खाओं तो पानी देंगे अन्यथा पानी की बोतल 20 में लो। इस तरह बस स्टैण्ड में आने वाली बसों से हजारों रुपया प्रतिदिन राजस्व नगर पालिका वसूल करता है मगर इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पौसले तक नहीं खुलवा पाया है।बस स्टैण्ड के दुकानदार बताते हैं कि यहां नीम के पेड़ के नीचे हमेशा प्याऊ खोला जाता था जिससे बस स्टैण्ड में आने वाले यात्रियों को पेयजल उपलब्ध होता था। इसी तरह स्टेट बैंक चौराहे में खुलने वाला प्याऊ भी नहीं खोला गया है जब कि रेलवे स्टेशन से मंदिर जाने का यही मेन रास्ता है। इसी तरह नगर का हृदय स्थल घंटाघर है जहां पर प्रतिवर्ष पौसला खोला जाता था जिससे ग्रामीण अंचल से आने वाली जनता अपनी प्यास मटके का पानी पीकर प्यास बुझाती रही है मगर इस वर्ष लोग 20 रुपए प्रति लीटर वाली बोतलों का पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं। सतना जिला बन जाने के कारण इस वर्ष नगरपालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को इस बारे में सोचने का टाइम नहीं है उन्हें तो सिर्फ नगर पालिका की मोटी कमाई से मतलब रहता है जनता के हित की बातें नहीं करना चाहते है। इस गर्मी में नगर में प्याऊ खोलने से 25-30 लोगों को 2-3 महीने के लिए रोजगार भी मिल जाता था मगर इस वर्ष कहां कितने पौसले खोले गए दिखाई नहीं देते हैं सिर्फ कागजों में पौसले खोलने वाले का मानदेय एवं झाड़ियों की मदद से बनाए गए पौसले सहित दो चार मटके के साथ एक प्लास्टिक का मग्गा और प्लास्टिक के दो चार गिलास के बदले लाखों का बजट पास होता रहा है।

## हत्या के दोषी को दोहरा आजीवन कारावास

**सतना।**एक्ट्रेसिटीज एक्ट की विशेष न्यायालय जिला सतना पीठसीन अधिकारी प्रशांत कुमार निगम ने अनुसूचित वर्ग के व्यक्ति की हत्या का दोषी पाए जाने पर आरोपी विजय कुमार सेन पुत्र स्व.गया प्रसाद सेन उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी ग्राम आमा को दोहरे आजीवन कारावास से दण्डित किया है। मामले में राज्य की ओर से पैरवी लोकअभियोजक रमेश मिश्रा(जीपी) ने की। मिश्रा ने बताया थाना कोलगवां में फरियादी बंसल लाल कोरी ने इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट प्र.पी.1 लेखबद्ध करायी कि वह सिद्धार्थ नगर में रहता है और मकान बनाने अर्थात मिस्त्री का काम करता है। वह घर में था,तभी उसकी पत्नी निशा कोरी ने उसे बताया कि चाचा ससुर छोटे लाल कोरी उर्फ कक्का पिता रामदास कोरी,उम्र 65 वर्ष को मोहल्ले के अभियुक्त विजय सेन ने सुबह करीब 7 बजे कुल्हाड़ी से सिर में मारा है,जिससे छोटे लाल कोरी उर्फ कक्का को जिला अस्पताल सतना ईलाज कराने ले गये हैं। जिन्हें उनका लड़का बलराम कोरी वगैरह उपचार कराने रीवा ले गये। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोलगवां में अपराध क.572/2022 अंर्तत धारा-307भा.द.सं. एवं धारा 3(1)(द),3(1)(ध)3(2)(v) एस.सी.एस. टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके मेमोरेण्डम लेखबद्ध किये गये।अपराध में प्रयुक्त हथियार कुल्हाड़ी को जप्त किया गया। घटनास्थल से जप्त मिटटी,कुल्हाड़ी एवं मृतक के कपड़े को एफ.एस.एल. जांच हेतु भेजा गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया उपरोक्त विवेचना अनुसार अभियोजन अभियुक्त विजय सेन पर धारा 302 भा.दं.वि. एवं धारा 3 (2)(v) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के आरोप को प्रमाणित करने में सफल रहा है।उभयपक्ष को दण्ड के बिन्दु पर सुना गया। अभियोजन की ओर से निवेदन किया गया कि अभियुक्त को अधिक से अधिक दण्ड से दण्डित किया जाये। इसके विपरीत अभियुक्त की ओर से तर्क किया गया कि अभियुक्त का यह प्रथम अपराध है,वह लगातार अभिरक्षा में निरूद्ध है,प्रौढ़ व्यक्ति है। उसे कारावास अथवा अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने से उसके भविष्य के प्रभावित होने की संभावना है। अतः उसे न्यूनतम दण्ड से दण्डित किया जाये। प्रकरण के अवलोकन से यह न्यायालय ने पाया कि अभियुक्त की पूर्व दोषसिद्धि जैसी कोई स्थिति नहीं है। उक्त के अतिरिक्त अभियोजन द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से मृतक की जमीन पर कब्जा करने और मृतक द्वारा मना किये जाने पर अनुसूचित जाति के पीड़ित/मृतक छोटे लाल कोरी को जान से मारने की नियत से उसके सिर पर कुल्हाड़ी से 3-4 बार प्राण घातक प्रहार कर गंभीर उपहति कारित की गयी है जिससे उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। अतः अभियुक्त द्वारा हत्या जैसा गंभीर अपराध कारित किया गया है। अतः उक्त समग्र तथ्यों व अभियुक्त के आपराधिक कृत्य को देखते हुये उसे समुचित दंड से दंडित किया जाना न्यायोचित होगा। अभियुक्त को दिये गये दण्डादेश की दोनों सजायें एक साथ साथ भुगतायी जावें। धारा-357 द.प्र.सं. के अंतर्गत उक्त अर्थदण्ड की राशि जमा होने पर अर्थदण्ड की राशि में से 5000/-(पांच हजार) रुपये अपील अवधि उपरांत अपील न होने की दशा में मृतक के आश्रितों को प्रतिकर स्वरूप प्रदान किए जाने का आदेश किया है।

## सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग प्राथमिकता से कार्य करें-कलेक्टर

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न



**सतना।** मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में बुधवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सीएम हेल्प लाइन,जनसुनवाई एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा के कार्यक्रमों को प्राथमिकता दें,कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क,शासकीय भवन,पेयजल,आंगनवाड़ी केन्द्रों की आवश्यकता की रिपोर्ट बना कर प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने बताया कि कपिल धारा,पशु सेड,बकरी सेड तथा ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाये। अधोसंरचना के अंतर्गत सभी हितग्राही के बैंक खाता, आधार एवं जाति प्रमाण बनाया जायेगा। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि मैहर जिले के सभी विभागीय अधिकारी प्रयास करें जिससे मैहर जिले को ग्रेड ए में पहुंचाया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रतिदिन 4 से 5 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें तो स्थिति में सुधार आ सकता है। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में पीएचई की 759 शिकायतें पाई गई। इसी प्रकार ऊर्जा विभाग की बढती शिकायतों को कम करने के लिए कलेक्टर ने इनके निराकरण में गति लाने के विभागीय अधिकारी को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग निम्न गुणवत्ता वाले जवाब पोर्टल में दर्ज नहीं करें एवं शिकायतें नाट-अटेंड नहीं होना चाहिए।

## खजुरी ताल में श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम आज से, निकाली गई शोभायात्रा



**सतना।** मैहर जिले के खजुरी ताल में श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन 24 अप्रैल से आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके पूर्व बुधवार को यहां शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अनुसार कथा शाम 4 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित की जाएगी इसके बाद रात 10 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। 30 अप्रैल को यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम में मानस पीठ जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी राम लालचार्य महाराज कथा का रसपान कराएंगे।



## रीवा रोड में व्यापारिक भवनों के बेसमेंट को खाली कराकर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराई जाये

### सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्किट हाउस चौराहा से लेकर सेमरिया चौक के मध्य बने व्यवसायिक भवनों में निर्मित बेसमेंट को खाली कराया जाकर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराई जायेगी। अतिक्रमण हटाने का कार्य फोर्स के साथ किया जायेगा। जिससे सडकों पर खडे वाहनों से यातायात बाधित होने से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सतना शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित किया जाए। बैठक में सांसद श्री सिंह ने कहा कि बस स्टैण्ड निगरानी समिति को एक्टिव करें। जिससे बस स्टैण्ड की सभी व्यवस्थायें समुचित रूप से संचालित हो। सूत्र सेवा बसों के संचालन में नियंत्रण/निगरानी रखें,सिटी बस निर्धारित स्थान पर ही रूकें। शहर में मिनी सिटी बसों,मिनी ट्रकों को निर्धारित भार क्षमता अनुसार संचालन करने,सडकों को मोटेरेवल बनाये रखने हेतु सुधार कार्य सतत जारी रखें।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पवई में पानी चौपाल का आयोजन



**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बुधवार को पवई विकासखण्ड में पानी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को कम पानी में ड्रिप मिनी एवं पोर्टेबल संप्रिकलर विधि के जरिए उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय पोर्टल के माध्यम से अधिकाधिक पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कृष्ण प्रताप सिंह ने कृषकों को पानी के समुचित उपयोग की सलाह प्रदान कर संप्रिकलर पद्धति से खेती करने पर जोर दिया। निधि पटेरिया द्वारा किसानों को उद्यानिकी योजनाओं के लाभ की सलाह दी गई। विभाग के सहायक संचालक पी.के. श्रीवास्तव ने आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में स्वयं उद्यमी बनकर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी पी.एल. प्रजापति द्वारा किया गया।

### दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मजदूरी की नवीन दरें निर्धारित




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने श्रमायुक्त म.प्र. शासन इन्दौर की गत 28 मार्च को जारी अधिसूचना के परिपालन में शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2025 से मासिक एवं दैनिक वेतन की नवीन दरें निर्धारित की हैं। इसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी शामिल है। अब निर्धारित वेतन दर अनुसार अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों को 12 हजार 125 रूपए प्रतिमाह एवं राउण्ड अप कर 404 रूपए दैनिक दर निर्धारित की गई है। इसी तरह अर्द्धकुशल कर्मचारियों के लिए 13 हजार 121 रूपए प्रतिमाह एवं 437 रूपए दैनिक दर, कुशल कर्मचारियों के लिए 14 हजार 844 रूपए प्रतिमाह एवं 495 रूपए दैनिक दर तथा उच्च कुशल कर्मचारियों के लिए प्रतिमाह 16 हजार 469 रूपए एवं 549 रूपए दैनिक दर का निर्धारण किया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाए कलेक्टर



**अमानगंज।** स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में जिला कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज का आकस्मिक निरीक्षण और दिए निर्देशअस्पताल कैंपस के अंदर लंबे समय से बने मकान पन्ना जिले के अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आज जिला कलेक्टर ने आकस्मिक निरीक्षण किया और अस्पताल कैंपस के अंदर स्थित अतिक्रमण की ओर ध्यान देते हुए तत्काल ही इसे हटाए जाने के निर्देश स्थानीय प्रशासन तहसीलदार अमानगंज आशुतोष मिश्राजी को दिए और मौके पर उपस्थित रहे डॉक्टर आशीष तिवारी से आवश्यक पत्र खंड चिकित्सा कार्यालय की ओर से लगाए जाने के निर्देश भी जारी किए और कहा कि अस्पताल कैंपस के अंदर कोई भी अतिक्रमणकारी नहीं रहेगा जो राज्य शासन के दिशा निर्देश जारी है उनके अनुरूप काम होगा या व्यवस्था शासकिय स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए सुरक्षित की गई है यहां केवल निवास उनका ही होगा अन्य कोई अतिक्रमणकारी नहीं रहेगा।

### तेज रफ्तार बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरा हालत गंभीर जबलपुर रेफर



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज गुन्नौर रोड सड़क मार्ग पर वैष्णो वाटिका के पास मुख्य सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक चालक अचानक नियंत्रित होकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर चल रही रहेगी उसकी हालत को देख तत्काल सो नंबर पुलिस को फोन किया जिनके सहयोग से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज इलाज हेतु दाखिल कराया गया जहां उसकी हालत अत्यंत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करते ही चिकित्सक ने उसे जबलपुर के लिए रेफर किया घटना में घायल युवक का सर और माथा पूरी तरह से चोटिल हो चुका था।

# पन्ना पुलिस ने कस्बा पन्ना से संतोषी माता मंदिर में हुयी चोरी का किया पर्दाफाश

### मामले में 1 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका कीमती करीब 11400/-रूपये का जप्त

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस थोटा के द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में हो रही चोरियो पर नियंत्रण करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह व एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर इंचार्ज थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोरमा देवी मौर्य के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया है। इसी तारतम्य दिनांक 20.04.25 को फरियादी बल्दाऊ तिवारी पिता कुलदीप तिवारी उम्र 37 साल निवासी हाल रानीगंज मोहल्ला पन्ना के द्वारा रिपोर्ट की गयी कि वह रोजाना की तरह मंदिर की पूजा कर दरवाजे बंद करके कमरे में सोने चला गया था जब सुबह वापस 06.00 बजे आकर देखा तो मंदिर के ताले टूटे थे मंदिर मे लगे घंण्टे एवं मुकुट कलशे एवं अन्य सामान कोई अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 366/25 धारा 331(4), 305(क),305(घ) ठछै का कायम किया जाकर विवेचना मे



लिया गया। मामले को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीम की गठन किया गया एवं साईवर सेल पन्ना की मदद से आरोपी की तलाश की गयी एवं शहर मे लगे व घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीव्ही फुटेज देखे गये एवं मुखबिर तंत्र मामूर किये जाकर आरोपी की तलाश की गयी जो संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की गयी जिसके द्वारा घटना घटित किया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मशरूका जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** - 01 . विकाश आदिवासी पिता रामबक्श आदिवासी उम्र 19 साल निवासी रानीगंज मोहल्ला पन्ना

**जप्त सामाग्री-**

एक अदद पीतल का घण्टा कीमती 5000/-रूपये, एक पीतल का छोटा घण्टा कीमती 2000/-रूपये, स्टील के कलसा 06 नग कीमती 1200/-रूपये, एक पीतल का कलसा कीमती 1000/-रूपये , एक पीतल का लोटा कीमती 200/-रूपये, स्टील के 05 नग थाली सेट कीमती 1000/-रूपये, एक चाँदी का मुकुट छोटा कीमती 1000/-रूपये कुल मशरूका 11400/-रूपये

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी सिविल लाइन उनि शक्ति पाण्डेय, उनि मनोरमा मौर्य, सउनि सुभाषचन्द्र, सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, प्र.आर. बृषकेतू रावत, सत्येन्द्र बागरी, आर. अभिषेक यादव, संदीप पटेल, चन्द्रपाल प्रजापति, सत्यनारायण अग्निहोत्री, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।




# एनएमडीसी दे रहा है हिंदी भाषा को समुचित महत्व

पन्ना।

एनएमडीसी लिमिटेड राजभाषा के क्रियान्वयन के लिये निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये एनएमडीसी में राजभाषा कक्ष की स्थापना भी इसी उद्देश्य के लिये की गयी है। हिंदी भाषा के प्रचार, प्रसार व विकास के लिये भारत सरकार द्वारा एनएमडीसी को पुरस्कृत किया जा चुका है। हिंदी राजभाषा के विकास में सतत योगदान को देखते हुए भारत सरकार, गृह मंत्रालय व राजभाषा विभाग ने सन् 1987-88 में इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया था। सन् 1986 में इस्पात मंत्रालय ने पहली बार एनएमडीसी को राजभाषा पुरस्कार से नवाजा था, इसके बाद अब तक 19 बार एनएमडीसी को पुरस्कृत कर चुका है। सन् 2024-25 में भारत सरकार के राजभाषा विभाग से जुड़े प्रभाग ने एनएमडीसी का निरीक्षण कर आंकड़ों व दस्तावेजों का अवलोकन कर राजभाषा के क्रियान्वयन में योगदान की सराहना की है।

# सिमराखुर्द में जनसहभागिता से बोरी बंधान

### जल गंगा सवर्धन अभियान में लगातार स्वैच्छिक संगठन जुटे

पन्ना।

जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम सिमराखुर्द के नाले में आज भी पानी है,लोग निस्तार कर रहे है। समर्थन संस्था के कार्यकता गांव में पेयजल की चर्चा कर रहे एवं ग्राम भ्रमण के बाद लोगो ने वताया की नलकूप का पानी कम हो रहा है पाईप बढ़ाने पडेगे । इस पर संस्था के साथी वोले की नाले के पानी को रोक दे तो जल स्तर बढ़ सकता है ग्रामीणो ने सहमत हुए। गांवके लोग नाले के पानी का निस्तार कर रहे है। सब मिलकर वंधान करने की वात कही। जल गंगा संवर्धन अभियान अजयगढ़ में मुख्यकार्यपालन अधिकारी सतीश नागवंशी के मागदर्शन में चलाया जा रहा है। पंचायत से तुरंत समन्वय कर वोरी का इंतजाम किया गया एवं सचिव विहारी लाल पटेल एवं स्वैच्छिक संगठनो के समन्वय से कार्य सुबह 7 बजे से 10 बजे तक



चला एवं कार्य पूर्ण किया गया। पानी दो से तीन फिट भर गया है। जनसहभागिता समर्थन के कार्यक्रर्ता ज्ञानेनद्र तिवारी, विकास मिश्रा, लखन लाल, उर्मिल यादव, बाबलाल, भीषम, आसवेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र यादव जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक क्षमा खरे नवाकुर के भरत मिश्रा, साहिब सिंह, महेन्द्र यादव, गांव के मानिक लाल, बल्देव एवं ग्राम पंचायत सचिव विहारी पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि कृपाल वंशकार नन्दकुमार वंशल ने मिलकर पानी रोकने बोरी बंधन कार्य पूर्ण कर दिया। जल स्तर बढ़ेगा कृ गांव के तीन हैन्ड पम्प एवं लगभग 10 कुआं रिचार्ज होगा, जिससे गर्मी में जल संकट नही आयेगा। गांव में नल का पानी कम नही होगा ।पशु पंक्षी एवं ग्रामीण नहाने कपड़े एवं अनाज धुलाई का काम करते है। सभी ने बोरी बंधान के वाद पानी राकेने की सपथ ली एवं नारे लगाये। पानी की जंग में,हम सब संग में।। पानी बचाने के लिये हम सब साथ साथ है। नीर, नारी, नदी, नरायण, नरायण, नरायण ।

# साहित्य भवन के तहत विशेष रूप से पत्रकार भवन के निर्माण हेतु भूमि का सीमांकन करने के संबंध में जनसुनवाई में दिया आवेदन

पन्ना।

स्थानीय छत्रसाल पार्क के पास खसरा 3190/2 की भूमि पर से 10 अप्रै्ल 2025 को नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा अतिक्रमण हटाने के पश्चात 11 हजार वर्गफुट से अधिक भूमि का सीमांकन करने के संबंध में तथा साहित्य भवन के तहत विशेष रूप से पत्रकार भवन के निर्माण हेतु, साहित्यकार-पत्रकार भवन निर्माण संघर्ष मोर्चा के संयोजक लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने भूमि से संबंधित विभिन्न प्रमाणों सहित आवेदन दिनांक 22.04.2025 को जनसुनवाई में प्रस्तुत किया। इस दिशा में चिरोलया ने श्रीमान् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1960 में जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन पन्ना को खसरा 3190/2 के अंतर्गत लगभग 10 आरे से अधिक भूमि आवंटित की गई थी, उक्त भूमि पर 14 फरवरी 1960 को महाराष्ट्र प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल माननीय श्री प्रकाश जी के मुख्य आतिथ्य में तथा मध्य प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल माननीय श्री हरि विनायक पाटस्कर की अध्यक्षता में साहित्यक कार्यक्रम भी हुआ था, जिसमें पन्ना नगर के





समस्त साहित्यकजनों सहित गणमान्य नागरिक तथा आमजन सम्मिलित हुये थे। उक्त भूमि का पट्टा भी है, नक्शा भी तरमीम हुआ तथा 1963-64 से लगातार भूमि पंचशाला रिकार्ड में दर्ज रही, इस दिशा में उक्त भूमि पर संस्था का कब्जा रहा। इस कड़ी में संस्था द्वारा साहित्य भवन के निर्माण संबंधी गतिविधियाँ भी सक्रिय रहीं। वर्ष लगभग 1995 में नगर पालिका परिषद पन्ना ने उक्त भूमि को हड़पकर उक्त स्थल पर बाजार लगाने लगी और लाखों रूपया प्रति सप्ताह बाजार बैठकी का दुकानदारों से किराया वसूला तथा उक्त भूमि के अंश भाग को पार्क में सम्मिलित कर लिया तथा कुछ भूमि पर एक लाईन में अस्थायी दुकानें निर्मित करा दीं जिसकी समय-समय पर शिकायतें की गई। समाचार पत्रों मे भी खबरें प्रकाशित हुई। यह कि दिनांक 10 अप्रै्ल 2025 को क्षेत्रीय सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा जी के समक्ष उक्त संबंध में अवगत भी कराया गया। फलस्वरूप 10 अपै्रल को उक्त भूमि के अंतर्गत का अतिक्रमण हटाया गया तो निश्चित रूप से जिला प्रशासन सहित नगर प्रशासन धन्यबाद का पात्र बन जाता है, लेकिन उक्त भूमि पर अभी भी एक दुकान शेष बची है। साहित्यकार पत्रकार लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन के माध्यम से कलेक्टर महोदय से अनुरोध किया है कि उक्त भूमि पर से शेष निर्माण पृथक करने के साथ ही शीघ्र ही उक्त भूमि का सीमांकन करते हुये उक्त भूमि के यहाँ साहित्य भवन के तहत विशेष रूप से पत्रकार भवन निर्माण संबंधी प्रस्तावित स्थल का बोर्ड भी लगाया जाये, जिससे साहित्य भवन के तहत विशेष रूप से पत्रकार भवन निर्माण की गतिविधियाँ प्रारम्भ की जा सकें। एक अन्य वक्तव्य में चिरोलया ने कहा कि बोर्ड लगने के बाद नक्शा अनुसार अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में भूमि पूजन के साथ साहित्य भवन के तहत विशेष रूप से पत्रकार भवन का भव्य नवीन शिलान्यास समारोह आयोजित होगा।

# सफलता की कहानी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को मिल रहा है नया जीवन








**पन्ना।** पन्ना जिले में चिन्हांकित कुपोषित श्रेणी के गरीब परिवारों के नौनिहाल बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों के माध्यम से नया जीवन मिल रहा है। कलेक्टर सुरेश कुमार की पहल पर पन्ना जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के छः स्थानों में संचालित एनआरसी में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के पोषण एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन केन्द्रों में यूनीसेफ एवं राज्य शासन की गाइडलाइन मुताबिक पोषण आहार व उपचार सहित प्रति दिवस की मजदूरी राशि भी महिलाओं को प्रदान की जाती है। जिला मुख्यालय पर जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र पन्ना में उपचाररत एक बच्ची की मां रोशनी नामदेव ने बताया कि बच्ची का जन्म के बाद वजन कम था। यहां भर्ती करने पर बेटी के वजन में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई। साथ ही केन्द्र की फीडिंग डिमांस्टेटर एवं पोषण प्रशिक्षक रश्मि त्रिपाठी के द्वारा बच्ची के ग्रोथ के बारे में आवश्यक सलाह भी दी गई। नियमित रूप से ड्यूटीरत अन्य स्टॉफ द्वारा भी समय-समय पर आवश्यक जांच कर बेहतर पोषण व उपचार इत्यादि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की सरीफा ने बताया कि जन्म के बाद बेटे का वजन बहुत कम होने तथा निर्धारत समय पर बच्चे के स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर बच्चे को अतिकुपोषित श्रेणी में चिन्हित कर एनआरसी में उपचार की सलाह दी गई। भर्ती के बाद बच्चे की हालत में बहुत अच्छे से एवं तेजी के साथ सुधार हो रहा है। वजन बढ़ने के साथ ही अन्य क्रियाकलाप भी ठीक है। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में साफ-सफाई, भोजन, नाश्ता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की सराहना की। वर्तमान में जिले में जिला चिकित्सालय सहित अजयगढ़, गुनौर, अमानगंज, पवई और शाहनगर में पोषण पुनर्वास केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं।

# अस्पताल में नहीं थे डॉक्टर, सो रही थी नर्सिंग ऑफिसर, तड़प-तड़प कर हुई प्रसूता की मौत

### पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर जांच व कार्यवाही की मांग

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही के चलते कई बेकसूर मरीज अपनी जान गवां चुके हैं।शिकायतों के बाद भी जांच व कार्यवाही नहीं होने से लापरवाही व मौत का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला इलाज के अभाव में प्रसूता की मौत का सामने आया है। फरियादी वीरभान सिंह लोध निवासी देवगांव थाना अजयगढ ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि उनकी पत्नी चेतना देवी लोध को 20 अप्रैल 2025 की रात लगभग 9 बजे प्रसव पीडा होने पर एम्बुलेंस से अजयगढ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया था। उस समय कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं था ड्यूटी में मात्र एक नर्सिंग ऑफिसर थी, जो अभी डिलीवरी नहीं होने की बात कह कर अपने कक्ष में जाकर सो गई काफी निवेदन के बाद भी कोई बात नहीं सुनी, सुबह



लगभग 3 बजे जब नॉर्मल डिलीवरी होने लगी तो महिला सफाई कर्मचारी को भेज दिया, मौके पर आशा कार्यकर्ता भी थी, चेतन ने बच्ची को जन्म दिया लेकिन महिला सफाई कर्मी की खींचतान से बच्चादानी बाहर आ गई लेकिन उन्हें यह पता नहीं था कि यह क्या निकल आया, महिला सफाई कर्मी ने बच्चादानी हाथों से फिर अंदर डाल दी, मौके पर उपस्थित परिवार की महिलाओं ने यह सब देखा है। लगातार खून बहता रहा जिससे हालत बिगड़ती गई, कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा, मरणासन्न हालत में जिला अस्पताल ले जाने की बात कही, जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती करते ही रीवा रेफर किया जा रहा था, तभी सुबह 8:30 बजे चेतना देवी की मृत्यु हो गई। फरियादी ने अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन, डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर पर घोर लापरवाही के आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के दौरान मृतका के पति वीरभान सिंह व देवर धर्मेंद्र सिंह सहित परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## सीनियर वन डे क्रिकेट टीम का चयन 25 अप्रैल को

छतरपुर। जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वन डे क्रिकेट टीम के चयन की प्रक्रिया आगामी 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। चयन साईं स्पोर्ट्स अकेडमी क्रिकेट ग्राउंड पर होगा।

एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पिछले तीन वर्षों की अंकसूची के मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी खिलाड़ियों को सफेद ड्रेस में और अपनी व्यक्तिगत किट के साथ समय पर ग्राउंड पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।



## समय पूरा होने के बाद भी नहीं मिली 12 वर्षीय क्रमोन्नति

### धमौरा सहित कई संकुलों में चल रही बाबुओं की मनमानी

छतरपुर। शासन के निर्देशों का धरातल स्तर पर पालन कराना भी टेढ़ी खीर है। कहते है बाबू बेकाबू होते हैं। सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की मनमानी के कारण अक्सर अधिकारी न्याय देने में देरी करते हैं। विभाग के उदासीन रवैया और बाबू की मनमानी के कारण 12 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद शिक्षकों को 12 वर्षीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा। धमौरा संकुल सहित जिले के कई संकुलों में क्रमोन्नति न मिलने की खबरें हैं। सूत्रों का कहना है कि शिक्षा विभाग में 12 वर्ष, 24 वर्ष और 30 वर्ष की सेवा होने पर क्रमोन्नति का लाभ मिलता है लेकिन कई संकुलों में इस लाभ से लोक सेवकों को वंचित किया गया है। जिला मुख्यालय से जुड़े धमौरा संकुल के लोक सेवक 12 वर्ष की सेवा देने के बाद भी क्रमोन्नति के लाभ से वंचित हैं। सूत्रों ने बताया कि यहां पदस्थ लिपिक की मनमानी के कारण लोक सेवक वित्तीय लाभ हासिल नहीं कर पा रहे। केवल धमौरा ही नहीं जिले के अन्य संकुलों से भी ऐसी सूचनाओं मिल रही हैं। यदि शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गोपनीय समिति गठित का जानकारी जुटाएं तो मनमानी सामने आ सकती है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो यह माना जाएगा की शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जानबूझकर लोक सेवकों को क्रमोन्नति के लाभ से वंचित कर रहे हैं।

## किराये के मकान में युवक ने लगाई फांसी

कटनी। किराये के मकान में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रा ज्योति कॉलोनी की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार रोहिता शुक्ला पिता राजाराम शुक्ला (24) निवासी ग्राम ककेरी बेलखेड़ी थाना रहली जिला सागर हाल निवासी इन्द्रा ज्योति कॉलोनी विजय गुप्ता के किराये के मकान में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है।

## तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि बढ़ी

कटनी। खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर अब 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादीशुदा युवती से दुष्कर्म

### आरोपी पर दर्ज हुई एफआईआर, पुलिस ने शुरू की तलाश



छतरपुर। पीड़िता के वकील शिव प्रताप सिंह ने बताया कि युवती उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले की निवासी है और शादीशुदा है। कुछ समय पूर्व उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से छतरपुर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुतरी निवासी बॉबी राजा से हुई थी। धीरे-धीरे यह दोस्ती गहरी हो गई। आरोपी ने युवती को तलाक दिलवाकर विवाह करने का झांसा दिया और छतरपुर बुलाया। वकील के अनुसार, आरोपी ने पहले युवती को मंदिर में ले जाने की बात कही लेकिन उसे शहर के एक होटल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बना लिए। अब आरोपी युवती को मोबाइल पर धमकी दे रहा है। पीड़िता कई दिनों से न्याय की गुहार लगा रही थी। पहले उसने ललितपुर (उ.प्र.) के पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा था, इसके बाद छतरपुर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अगम जैन को पूरी घटना बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अगम जैन ने सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे को जांच कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बीती रात थाना पुलिस ने आरोपी बॉबी राजा के खिलाफ मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। एसपी अगम जैन ने बताया कि कल शिकायत प्राप्त हुई थी, मामले की जांच जारी है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बड़ामलहरा में मासूम की हत्या के मामले में पुलिस ने तेज की जांच

### एसपी बोले- फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा मामला, जल्द मिलेगी सजा



छतरपुर। बीते रोज बड़ामलहरा में मासूम बच्ची की दर्दनाक हत्या के मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार बढ़ा दी है। सोमवार रात को पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर सबूत जुटाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा है कि इस जघन्य वारदात को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बीते रोज आरोपी बड़ामलहरा निवासी आरोपी बालमुकुंद यादव ने अपने पड़ोस में रहने वाली मासूम बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने पास बुलाया और फिर पास के एक खंडहरनुमा मकान में ले जाकर उस पर पत्थर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजनों ने बच्ची को गंभीर हालत में बड़ामलहरा से छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म की आशंका जताई है, जिस पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस सबूतों के आधार पर केस को मजबूती से कोर्ट में पेश कर आरोपी को सख्त सजा दिलाने की दिशा में काम कर रही है।

# बारी के रामलला मंदिर में सुंदरकांड, भंडारा और कन्या भोज



छतरपुर। ग्राम बारी के रामलला मंदिर में मंगलवार को भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ के साथ कन्या भोज और भाव भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। गांव के करन सिंह बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुंदरकांड पाठ के बाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीण श्रद्धा भाव से मंदिर में पहुंचे और भक्ति में लीन होकर कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री बुंदेला ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश के रहने वाले कुछ अराजक तत्वों ने मंदिर का माहौल बिगाडने और उस पर कब्जा जमाने का प्रयास किया था। इस मामले में प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए समय रहते मंदिर को कब्जे से मुक्त कराया। इसी उपलक्ष्य में आज यह धार्मिक आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# जल संरक्षण को लेकर खजुराहो में निकाली गई जागरूकता रैली



खजुराहो। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पानी बचाने एवं वर्षा जल का संचय करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर परिषद् खजुराहो द्वारा विशेष जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह अभियान कलेक्टर जिला छतरपुर के निर्देश पर चलाया जा रहा है, जिसमें नगर परिषद् अध्यक्ष अरुण अवस्थी और मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 30 मार्च से निरंतर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जल संयंत्रों के सुधार, नदी-झील-बावड़ी के सर्वेक्षण सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं। 22 अप्रैल को आयोजित रैली में नगर परिषद के वार्डों में जाकर लोगों को जल संरक्षण और पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही कुएं की सफाई का कार्य भी जारी है। रैली के दौरान एमपीयूडीसी द्वारा संचालित पेयजल योजना के अंतर्गत हो रहे जल अपव्यय को रोकने के लिए लीकेज और टोटियों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इस कार्य में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा तत्परता से निगरानी की जा रही है। नगर परिषद खजुराहो का यह अभियान जन सहभागिता से जल संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# गर्ल्स कॉलेज में दूसरी मंजिल की खिड़की के छज्जे पर चढ़ी छात्रा, मचा हड़कंप

### क्रेन से सकुशल नीचे उतारा गया, पुलिस जांच में जुटी



छतरपुर। पन्ना रोड स्थित गर्ल्स कॉलेज में बुधवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब कॉलेज की एक छात्रा अचानक भवन की दूसरी मंजिल की खिड़की के छज्जे पर जाकर बैठ गई। यह स्थिति करीब एक घंटे तक बनी रही और इस दौरान कॉलेज प्रबंधन, अन्य छात्राएं और स्टाफ परेशान नजर आए। मामले की सूचना मिलते ही महिला थाना प्रभारी सनीत बिंदुआ सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्रेन मशीन की मदद से छात्रा को सुरक्षित नीचे उतारा गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बीके प्रजापति ने बताया कि कॉलेज में दोपहर 2 से 5 बजे तक परीक्षाएं चल रही थीं। इसी दौरान बीए सेकेंड ईयर की छात्रा नैन्सी राजा परमार निवासी ग्राम नयागांव, फाउंडेशन विषय का पेपर देने आई थी। परीक्षा के दौरान अचानक वह भवन की दूसरी मंजिल की खड़िकी के छज्जे पर जाकर बैठ गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर छात्रा से बातचीत की गई, लेकिन वह कुछ भी नहीं बता रही थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और टीम ने उसे सकुशल नीचे उतार लिया। वहीं महिला थाना प्रभारी सनीत बिंदुआ ने बताया कि छात्रा छज्जे पर बैठी थी, जिसे सुरक्षित नीचे लाया गया। उसने कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि उसने यह कदम किसी व्यक्तिगत कारण से उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और छात्रा से बात करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि घटना के पीछे की वजह सामने आ सके।

# प्रयोग आधारित शिक्षा को लेकर छात्रों में दिखा उत्साह, प्रश्न मंच प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र

### सीएम राइज विद्यालय राजनगर में विज्ञान, गणित और भूगोल पर कार्यशाला आयोजित



खजुराहो। शासकीय सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनगर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर भूगोल, विज्ञान और गणित विषयों पर आधारित प्रयोगात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के विग्रह पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया एवं भोपाल से आए स्रोत शिक्षक दीपक सोनी ने किया।

इस अवसर पर सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण, मौसम परिवर्तन, रॉकेट मॉडल, नैनो सोलर सिस्टम जैसी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। दीपक सोनी ने बताया कि खगोल विज्ञान छात्रों के लिए न केवल रोचक बल्कि ज्ञानवर्धक भी है। उन्होंने टेलीस्कोप, खगोलीय नक्शे और एप्स के उपयोग की जानकारी दी जिससे छात्र ब्रह्मांडीय घटनाओं को बेहतर समझ सकें। स्रोत शिक्षक आशीष पारे (विज्ञान संचारक, मप्र विज्ञान सभा) ने स्टार गेजिंग और रात के आसमान को समझने की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में प्रयोग आधारित पठन-पाठन को प्रोत्साहित करना था। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता रहे शिप्रा सोनी, तुलसीदास पटेल, आकाश रैकवार, नेहा तिवारी और आकांक्षा दुबे को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रामानुजन पर व्याख्यान और पोस्टर प्रदर्शनी भी कार्यशाला का प्रमुख हिस्सा रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सहयोग किया।

# निजी स्कूल की मान्यता रद्द, दो सैकड़ा से अधिक बच्चों की आरटीई सुविधा खत्म

### आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने शिक्षा का संकट, कलेक्टर से की गई शिकायत

महाराजपुर। महाराजपुर क्षेत्र के स्वास्तिक पब्लिक इंग्लिश-हिंदी मीडियम स्कूल की मान्यता जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा रद्द कर दी गई है। यह स्कूल कक्षा आठवीं तक संचालित था, और मान्यता समाप्त होने के बाद अब इसमें पढने वाले दर्जनों बच्चों का भविष्य संकट में पड़ गया है। सूत्रों के अनुसार महाराजपुर तहसील क्षेत्र में ऐसे आधा दर्जन से अधिक स्कूल संचालित हैं, जो बंद होने की कगार पर हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन को तत्काल ऐसे स्कूलों की जांच कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे भविष्य में बच्चों के सामने ऐसी स्थिति न आए। इसी संदर्भ में 22 अप्रैल 2025 को छतरपुर कलेक्टर जनसुनवाई में आरटीई (शिक्षा का अधिकार) योजना से वंचित हुए बच्चों के परिवारों ने शिकायत की थी। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच कर निराकरण के निर्देश दिए थे। आरटीई योजना के तहत प्रवेश पाए 200 से अधिक बच्चों की आईटीई सुविधा समाप्त हो गई है। अब ये बच्चे निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पा रहे क्योंकि उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। तहसील महाराजपुर में दो दर्जन से अधिक महिलाएं अपने बच्चों के लिए आरटीई सुविधा की मांग को लेकर तहसीलदार से मिलने पहुंचीं। उन्होंने ज्ञापन सौंपा और करीब दो घंटे तक इंतजार करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। मीडिया से बातचीत में महिलाओं ने कहा कि, हमारे बच्चों को आईटीई की सुविधा दिलाई जाए, प्रशासन हमारी कोई सुनवाई नहीं कर रहा। स्कूल के प्राचार्य मनीष चौरसिया से जब परिजन बात करने पहुंचे तो उन्होंने आईटीई सुविधा से इनकार कर दिया और कहा कि, अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूल में कराएं, हम टीसी (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) जारी कर रहे हैं। परिजनों ने बताया कि उनके पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वे निजी संस्थानों में पढ़ाई का खर्च वहन कर सकें। उनकी मांग है कि प्रशासन आरटीई के तहत उनके बच्चों को फिर से शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराए। प्रभावित बच्चों में प्रमुख रूप से कक्षा 7 की वंशिका चौरसिया, मयंक, मोहम्मद फरमान, विवेक कुशवाहा कक्षा 6 के हर्षवर्धन चौरसिया, कक्षा 5 की खुशी कुशवाहा, कक्षा-4 की हिमांशी, कक्षा 1 के ऋषभ सहित कुल 200 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर आरटीई योजना का लाभ बच्चों को पुनः दिलाए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

# कलेक्टर ने बिजावर-बड़ामलहरा में जल गंगा अभियान और जनकल्याण कार्यों का किया निरीक्षण

### तालाबों का जीर्णोद्धार, पेयजल, उपार्जन केंद्र, आंगनबाड़ी व्यवस्था का लिया जायजा



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को बिजावर एवं बड़ामलहरा क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल जीवन मिशन एवं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुंवरपुरा एवं तेली तालाब सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विजय द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव शर्मा, जल निगम महाप्रबंधक एलएल तिवारी, डीएसओ सीताराम कोठारे, सीईओ अंजना नागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### तालाबों का निरीक्षण और अतिक्रमण हटाने के निर्देश

कलेक्टर जैसवाल ने अनगौर पंचायत के कुंवरपुरा एवं तेली तालाब का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण, श्रमदान और बोर निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल समस्याओं की जानकारी ली और पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### कपिल धारा योजना और पौधरोपण पर बल

कलेक्टर ने कपिल धारा योजना के तहत कुएं निर्माण एवं खेत तालाब जैसे कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने जनपद सीईओ को पौधरोपण के लिए जगह चिन्हित कर नर्सरी विकसित करने के निर्देश भी दिए।

### उपार्जन केंद्र में लापरवाही, दिए सख्त निर्देश

गुलगंज उपार्जन केंद्र के निरीक्षण में फटे बारदान, कम तौल एवं एफएक्यू क्वालिटी न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को नोटिस एवं डीएम नान को खरीदी बंद होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### सड़क मरम्मत और जल आपूर्ति कार्यों की समीक्षा

नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से सीसी रोड के क्षतिग्रस्त होने पर जल निगम महाप्रबंधक को मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने हैंडपंपों एवं नल कनेक्शन की स्थिति की समीक्षा की।

### भरतौली टंकी का निरीक्षण, धीमी प्रगति पर नाराजगी

गढ़ा पंचायत के भरतौली गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण कर निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण कार्य को समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए और टंकियों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया।

### आंगनवाड़ी केंद्र में निरीक्षण, समूह पर कार्रवाई के निर्देश

भरतौली आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण में मध्याह्न भोजन की आपूर्ति में लापरवाही पाए जाने पर समूह को हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने टीकाकरण रजिस्टर, वजन, सप्लिमेंट्री न्यूट्रिशन, सैम/मैम और रेफर सिस्टम की भी जानकारी ली।

### कार्य में लापरवाही पर सचिव और रोजगार सहायक पर कार्रवाई

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन कार्य शुरू न होने पर रोजगार सहायक को छतरपुर अटैच करने और सचिव के निलंबन की सिफारिश करने के निर्देश दिए।



# छात्राओं को पढ़ाया सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का पाठ

### महिला एवं बाल उत्पीडऩ से बचाव को लेकर पुलिस ने किया जागरूक

ईशानगर। जिले के सभी थाना व चौकियों के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में इन दिनों छात्र-छात्राओं को अपराध, दुर्घटनाओं और महिला एवं बाल उत्पीडऩ से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना ईशानगर क्षेत्र के विद्यार्थियों को बिजावर एसडीओपी अजय रिटोरिया एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र सक्सेना द्वारा जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी रिटोरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, बेटियों को अपने अधिकारों को समझना बेहद जरूरी है। आप किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं हैं। छोटी-छोटी बातों को भी गंभीरता से लें और अपने घर की महिलाओं को भी सतर्क करें। उन्होंने कहा कि यदि रास्ते में, कार्यस्थल पर या घर के आसपास कोई मनचला परेशान करता है तो घबराएं नहीं, बल्कि टोल फ्री नंबर पर कॉल कर पुलिस को तुरंत सूचना दें। इसके अलावा बेटी की शिकायत पेटी अभियान के तहत स्कूलों एवं अन्य स्थानों पर लगाए गए शिकायत बॉक्स में अपनी समस्या गोपनीय रूप से दर्ज करा सकती हैं। कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जागरूक करना रहा।

